Regarding coverage of serious diseases under Ayushman Bharat Scheme

श्रीमती केशरी देवी पटेल **(**फूलपुर**):** आयुष्मान योजना जिसकी शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी थी, जिसके आधार पर हर गरीब परिवार जिसमे कोई भी मरीज़ ज्यादा बीमार हो उसको 5 लाख तक मुफ्त इलाज़ की सुविधा प्राप्त हो I परन्तु मुझे बताया गया है कि बहुत से अस्पताल कुछ गंभीर बिमारियों जिसमे आर्थिक सहायता की ज्यादा ज़रुरत होती है उसमे मदद नहीं की जा रही है और कुछ अस्पताल वालों का रवैया बहुत ही खराब होता है वह मरीज़ के परिवार से उनका व्यव्हार बहुत ही गलत होता है I कुछ अस्पतालों द्वारा यह भी कह दिया जाता है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत सभी बीमारियाँ कवर नहीं होती I माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत जितनी भी गंभीर बीमारियाँ हैं उसको कवर किया जाए और यह भी विनम्र निवेदन है कि सरकारी अस्पतालों में भी जो महंगे टेस्ट हैं उनको भी सरकार द्वारा निशुल्क किया जाए जिससे जनमानस को लाभ मिल सके ।